**भारत सरकार**
**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**
**रसायन और पेट्रोरसायन विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या-315**
**दिनांक 08 अगस्त, 2017 को उत्तर दिए जाने के लिए**

.....

**पीसीपीआईआर परियोजनाएं**

***315. श्रीमती मौसम नूर :**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नीति निर्माण के आठ वर्षों के बाद भी देश में पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) परियोजनाओं ने अपना अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं तथा मौजूदा पीसीपीआईआर की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक पूरा होने की उम्मीद है;

(ख) परियोजना के लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है तथा सृजित रोजगार सहित सृजित वास्तविक अवसंरचना में किए गए निवेश और प्राप्त वास्तविक लाभ पीसीपीआईआर-वार क्या है;

(ग) क्या पश्चिम बंगाल में पीसीपीआईआर के सृजन का सरकार के पास कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ड.) पीसीपीआईआर परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक एवं संसदीय कार्य मंत्री**
**(श्री अनंत कुमार)**

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

**पीसीपीआईआर परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 08.08.2017 को पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 315 के भाग (क) से (ड़) में संदर्भित विवरण**

(क) : पेट्रोलियम, रसायन एवं पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) लंबी अवधि वाली परियोजनाएं हैं जिन्हें क्रमिक रूप से विकसित किया जाएगा । वर्तमान पीसीपीआईआर कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर हैं और इनको पूर्ण रूप से विकसित होने में लगभग 20 से 25 वर्ष लग सकते हैं । वांछित लक्ष्यों को इनके पूरा होने पर ही पूर्ण रूप से प्राप्त किया जाएगा । तथापि पीसीपीआईआर के कार्यान्वयन की प्रगति में मास्टर प्लान, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन और अपेक्षित आधारभूत ढांचे के सृजन को अनुमोदित किए जाने के बाद तेजी लाये जाने की आशा है ।

(ख) : चार पीसीपीआईआर में निवेश और रोजगार (31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार) के लक्ष्य और प्रतिबद्धता/वास्तविक उपलब्धियां निम्नलिखित हैं :-

| संकेतक | गुजरात | आंध्र प्रदेश | ओडिशा | तमिलनाडु | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अनुमोदन के समय प्रस्तावित निवेश (रु. करोड़ में) | 50,000 (संशोधित 1,73,700) | 3,43,000 | 2,77,734 | 92,500 | 7,63,234 (संशोधित 8,87,000) |
| किया गया प्रतिबद्ध निवेश (रु. करोड़ में) | 84,777 | 37,010 | 45,000 | 8,100 | 1,74,887 |
| अनुमोदन के समय अनुमानित रोजगार (संख्या) | 8,00,000 | 11,98,000 | 6,61,354 | 7,37,200 | 33,96,554 |
| सृजित रोजगार (संख्या) | 1,28,000 | 93,500 | 38,000 | 13,950 | 2,73,450 |

आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार निवेशकों द्वारा प्रेषित विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) के आधार पर आंध्र प्रदेश पीसीपीआईआर में किया गया प्रतिबद्ध निवेश और रोजगार सृजन क्रमश: लगभग 37,000 करोड़ रु. और 93,000 व्यक्ति हैं, जिसमें वास्तविक निवेश और सृजित रोजगार क्रमश: लगभग 8786 करोड़ रु. हैं और 48,000 व्यक्ति, शामिल हैं ।

(ग) और (घ) : वर्तमान में पश्चिम बंगाल में पीसीपीआईआर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि आर्थिक मामले संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने फरवरी, 2009 में हल्दिया, पश्चिम बंगाल में पीसीपीआईआर स्थापित करने का अनुमोदन प्रदान किया था जिसे राज्य सरकार द्वारा छोड़ दिया गया क्योंकि राज्य सरकार ने हल्दिया में एक औद्योगिक पार्क, विद्युत संयंत्र और एक इको टूरिज्म पार्क विकसित करने का निर्णय लिया था ।

(ड.) : सरकार ने विभिन्न राज्यों में पीसीपीआईआर के कार्यान्वयन की मॉनिटरिंग करने के लिए संचालन समितियां गठित की हैं । पीसीपीआईआर को विभिन्न औद्योगिक कार्यक्रमों के दौरान और उद्योग संगठनों के साथ परस्पर बातचीत के माध्यम से बढ़ावा दिया गया है ताकि निवेशों को सुविधाजनक बनाया जा सके । रसायन और पेट्रोरसायन विभाग ने कार्यान्वयन के कार्य में तेजी लाने के लिए वर्तमान नीति की भी समीक्षा शुरू की है ।

****